महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE

हिंदी विश्वविद्यालय में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंती की तैयारियां जोरों पर
14 अप्रैल को डॉ. नरेंद्र जाधव के व्याख्यान का आयोजन

वर्धा, 12 अप्रैल 2026 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती समारोह को लेकर व्यापक तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस गरिमामयी अवसर पर देश के प्रख्यात अर्थशास्त्री, लेखक और राज्यसभा के पूर्व सांसद डॉ. नरेंद्र जाधव के आगमन को लेकर विश्वविद्यालय परिसर सहित शैक्षणिक जगत में भारी उत्सुकता देखी जा रही है। मंगलवार, 14 अप्रैल को पूर्वाह्न 10:00 बजे गालिब सभागार में डॉ. नरेंद्र जाधव का व्याख्यान होगा। वे 'समकालीन भारत और डॉ. आंबेडकर के आर्थिक विचार' विषय पर अपना विशेष व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा करेंगी। मुख्य आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के सभागार को विशेष रूप से सुसज्जित किया जा रहा है। डॉ. नरेंद्र जाधव न केवल एक अर्थशास्त्री हैं, बल्कि डॉ. आंबेडकर के जीवन और उनके संघर्षपूर्ण सफर को वैश्विक पटल पर रखने वाले महत्वपूर्ण हस्ताक्षर भी हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील विश्वविद्यालय ने की है।

हिंदी विश्वविद्यालयात डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर जयंतीच्या तयारीला वेग
14 एप्रिलला डॉ. नरेंद्र जाधव यांच्या व्याख्यानाचे आयोजन

वर्धा, 12 एप्रिल २०२६ : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर यांच्या जयंतीनिमित्त भव्य कार्यक्रमाच्या तयारीने अंतिम टप्पा गाठला आहे. या गौरवशाली प्रसंगी देशातील प्रख्यात अर्थतज्ज्ञ, लेखक आणि राज्यसभेचे माजी खासदार डॉ. नरेंद्र जाधव यांच्या आगमनाबद्दल विद्यापीठ परिसरात तसेच शैक्षणिक क्षेत्रात मोठा उत्साह दिसून येत आहे. मंगळवार, 14 एप्रिल रोजी सकाळी 10:00 वाजता गालिब समाभृहात त्यांच्या व्याख्यानाचे आयोजन करण्यात आले असून ते 'समकालीन भारत आणि डॉ. आंबेडकरांचे आर्थिक विचार' या विषयावर विशेष व्याख्यान देतील. कार्यक्रमाच्या अध्यक्षस्थानी कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा राहतील. कार्यक्रमासाठी विश्वविद्यालयाच्या सभागृहाची विशेष सजावट करण्यात येत आहे. डॉ. नरेंद्र जाधव हे केवळ अर्थतज्ज्ञ नसून, डॉ. आंबेडकर यांच्या जीवनप्रवासाला आणि त्यांच्या संघर्षाला जागतिक पातळीवर पोहोचवणारे एक महत्त्वाचे व्यक्तिमत्त्व आहेत.

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website:** **www.hindivishwa.org**

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305